डिजीटल पत्र

दैनिक

# कांग्रेस दर्पण

पटना, 22 नवंबर, बुधवार, 2023

बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवादल सदाकत आश्रम पटना – 10

# राजस्थान में फिर से कांग्रेस आ रही है: राहुल गांधी



# यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस चली गांव की ओर

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण




**बनमा ईटहरी:** मंगलवार को युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह महारस पैक्स अध्यक्ष नीरज कुमार निराला के द्वारा तेलियाहाट बाजार में युवा कांग्रेस के द्वारा चलाए जा रहे मुहिम के तहत युथ जोड़ो बूथ जोड़ो कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें गांव स्तर पर दर्जनों युवाओं को जोड़ा गया. आने वाले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बने यही संकल्प लेकर पूरे देश में युवा कांग्रेस गांव ,टोला, मोहल्ला में जाकर युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ा जा रहा है.वहीं अध्यक्ष निरज ने कहा कि देश में नफरत,धर्म,भाषा के आधार पर बांटने वाली पार्टी बीजेपी को देश से हटाना है और एक बार फीर से काग्रेंस की सरकार बनानी है.मोहब्बत और भाईचारा बांटने वाले राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने और 2024 में राहुल गांधी को भारत के प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लेकर युवा कांग्रेस गांव की ओर चली है. जिससे बूथ स्तर से कांग्रेस को मजबूती किया जा सके.इन्हीं संकल्प के साथ सैकड़ो युवा कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किया जिसमें मोहम्मद शाहीन आलम, बंटी सिंह यादव, हीरालाल यादव, अंकित यादव ,मोहम्मद दानिश, सलीम जियाबारी मोहम्मद, अबरार आलम ,मोहम्मद फैसल, मोहम्मद अरकाम, मोहम्मद मंजूर आलम ,सुनील कुमार ,सुधीर कुमार ,गौरव कुमार ,रुपेश कुमार, नीतीश कुमार, मोहम्मद साजिद, मणिभूषण कुमार ,चंदन कुमार, नितीश कुमार, राजीव शर्मा, सुमन यादव ,राहुल कुमार, बबलू कुमार ,अवधेश यादव ,सरोज, सनोज ,नरेश, अमित, बिंदल, अंगद ,ज्योतिष ,बाबुल ,असेसर, रोशन ,अंकित ,आदेश ,विनीत, शशि ,मनीष ,सुजीत, रूपेश शाह, कौशल महतो ,गुड्डू सादा,रंजीत पनियार ,सुशील यादव ,अमित सादा ,अमन कुमार, मोहम्मद अल्ताफ ,राजा ,आबूबाकर जावेद, छोटू ,धीरज ,एवं आदि युवाओं ने यूथ कांग्रेस का दामन थामा है.

# जयनगर प्रखंड में कांग्रेस का राहत वितरण

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

24 परगना (2) जिला कांग्रेस ने मंगलवार को जयनगर ब्लॉक के बामनगाछी के प्रभावित इलाके के लोगों के बीच राहत सामग्री बांटी. इस दिन दक्षिण बारासात बॉयज़ स्कूल के सामने एक राहत शिविर का आयोजन किया जाता है जहाँ राहत सामग्री वितरित की जाती है। चूंकि पुलिस प्रशासन प्रभावित गांवों में प्रवेश की इजाजत नहीं दे रहा है, इसलिए असहाय लोग इलाके के बाहर 'राहत शिविर' बनाने और इन राहत सामग्रियों को वितरित करने के लिए इकट्ठा हो रहे हैं। ज्ञात हो कि 17 नवंबर 2013 को कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं को पुलिस प्रशासन ने राहत सामग्री बांटने के लिए प्रभावित इलाकों में जाने से रोक दिया था. राहत शिविरः साउथ बारासात बॉयज़ स्कूल के सामने। कांग्रेस के इस कार्यक्रम का नेतृत्व आज 24 परगना जिला कांग्रेस (2) के अध्यक्ष जयंत दास, कांग्रेस प्रवक्ता और प्रदेश कांग्रेस आउटरीच और संचार विभाग के अध्यक्ष सौम्या आइच रॉय, प्रदेश कांग्रेस महासचिव आशुतोष चट्टोपाध्याय, जयनगर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष।



# इंदिरा गांधी जी की शहादत और उनके द्वारा देश को सशक्त और महिला को उनका अधिकार दिलाने ,दुश्मन को औकात बताने वाली साहस को कभी भुलाया नही जा सकता- प्रदेश प्रवक्ता बिहार युवा कांग्रेस कमालुद्दीन रजा

संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व इंद्रा जी की जयंती सीतामढ़ी के ललित आश्रम में महिलाओं को सम्मानित करके मनाया गया।

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस के आदरणीय प्रदेश अध्यक्ष श्री **Shiv Prakash Garib Das** जी के निर्देशानुसार भारत रत्न आयरन लेडी पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी जी की जयंती पर Super Shakti She अभियान के तहत कमालुद्दीन रजा प्रदेश प्रवक्ता बिहार युवा कांग्रेस ने सीतामढ़ी कांग्रेस मुख्यालय ललित आश्रम में शामिल होकर कई क्षेत्र में अहम योगदान देने वाली महिलाओं को प्रेशेषित पत्र देकर सम्मानित किया। प्रदेश प्रवक्ता श्री कमालुद्दीन रजा ने मीडिया को संबोधित करते हुवे कहा के देश के जनता के हर दिल में है इंद्रा , इंद्रा गांधी जी वो साहसी निडर प्रधानमंत्री थीं ,जिन्होंने देश को तो विकास को की नदिया बहाई, महिला को सशक्त बनाया।

यही नही जब पाकिस्तान आंख दिखाया तो पाकिस्तान को उसकी भाषा में नही एक सच्चे देश भक्ति का परिचय देते हुवे प्रास्त किया और लड़ाई लड़कर पाकिस्तान को चीरने का कार्य किया और बांग्लादेश भी बना कर दिखा दीं। मोदी जी की तरह सिर्फ जुमला में ही भाषण तक सीमित नही रहीं उनकी देश के प्रति त्याग ,बलिदान और खून का एक एक कतरा आज भी पुकार रहा मैं भी इंद्रा इसी के उपलक्ष्य में भारतीय राष्ट्रीय युवा के राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा जयंती के मौके पर हम लोग कोने कोने से वैसी महिला को खोज कर सम्मानित कर रहें हैं जो कई क्षेत्र में अपना बहुमूल्य योगदान दे रहीं हैं ,वहीं श्री कमालुद्दीन रजा ने सभी महिलाओं को सम्मानित करते हुवे कहा आप सब में भी इंद्रा जी है नारी शक्ति ने हर समय देश के अलग अलग कार्य में बड़ा योगदान लगातार देने का कार्य कर रही हैं । तो सभी महिला ने संकल्प लिया के हम सभी इंद्रा गांधी जी के मार्ग पर चल कर भाजपा वाली अंहकारी सरकार को 2024 में सत्ता से बेदखल करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रोहन गुप्ता ने किया ।



रोहन गुप्ता ने कहा आज देश में महिला के अधिकारों को कुचला जा रहा, वहीं शामश शाहनवाज ने कहा के महिला वैसे समय में जब करोना के समय देश के प्रधानमंत्री आम जनता को सड़क छोड़ दिया उस समय भी महिला का अहम योगदान था।

अफजल राणा ने कहा हम सभी महिला अधिकार के लिए हमेशा लड़ते रहंगे। मौके पर राजीव कुमार सरफराज अहमद समेत दर्जनों लोग मौजूद थे ।

# सिर्फ़ नक्सली हमला था या इसके पीछे राजनीतिक षडयंत्र



संवाददाता । कांग्रेस दर्पण

बात 25 मई 2013 की है, छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस नेताओं के काफिले पर झीरम घाटी में भयावह हमला हुआ जिसमें 32 लोग शहीद हो गये. इस निर्मम कांड ने देश और दुनिया को हिला कर रख दिया. लेकिन इस हत्याकांड की जांच कर रही एजेंसी NIA ने कभी यह जांच नहीं की कि आख़िर इस हत्याकांड का षडयंत्र किसने रचा था. क्या यह सिर्फ़ नक्सली हमला था या इसके पीछे राजनीतिक षडयंत्र भी था?

जब छत्तीसगढ़ पुलिस ने आपराधिक षडयंत्र की जांच शुरु की तब NIA ने अदालती अडंगा अटका दिया.

आज सुप्रीम कोर्ट के फ़ैसले ने जांच का रास्ता खोल दिया है. किसके कहने पर, किसे बचाने के लिए केंद्र सरकार की एजेंसी ठक्अ जांच का रास्ता रोक रही थी?

तत्कालीन भाजपा सरकार ने आपराधिक षडयंत्र की जांच क्यों नहीं करवाई? आयोग बनाया तो उसके दायरे में षडयंत्र क्यों नहीं रखा?

उम्मीद है कि छत्तीसगढ़ पुलिस की जांच से सच सामने आएगा, जिस सच पर लगातार पर्दा डालने की कोशिश की गई



आज जिला कांग्रेस कमेटी टिहरी गढ़वाल के कार्यकर्त्ता सम्मेलन में आगामी लोकसभा चुनावों के मद्देनजर रणनीति बनाने एवं तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। इस दौरान माननीय प्रदेश अध्यक्ष श्री Karan Mahara जी, नेता प्रतिपक्ष श्री Yashpal Arya जी एवं विधायक प्रतापनगर श्री विक्रम सिंह नेगी जी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



आज, त्रिपुरा प्रदेश मछुआरा कांग्रेस कमेटी ने अंतर्राष्ट्रीय मत्स्य दिवस के अवसर पर सोनामुरा के दुर्लभनारायण बाजार में मछुआरों की स्वागत बैठक का आयोजन किया। आज इस बैठक में 21 परिवारों के 72 मतदाता राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए बैठक में त्रिपुरा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री आशीष कुमार साहा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की संपादक सुश्री सज़ारिता लैटफलांग, जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री दीपक चक्रवर्ती, त्रिपुरा प्रदेश मछुआरा कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राकेश दास, युवा नेता सहजान इस्लाम और अन्य उपस्थित थे

# धरना-प्रदर्शन कर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा

संवाददाता ।कांग्रेस दर्पण



कोवि ड से पहले भारतीय रेल में मेल, एक्सप्रेस, राजधानी, शताब्दी और दुरंतो ट्रेनों की सभी श्रेणियों में 60 वर्ष और उससे अधिक के पुरुष वरिष्ठ नागरिकों और 58 वर्ष और उससे अधिक की महिलाओ को किराये में रियायत मिलती थी, जिसे आपदा को अवसर बना कर केंद्र की मोदी सरकार विगत चार वर्षो से बंद किए हुए हैं।

उपर्युक्त बातें बिहार प्रदेश काँग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मोहम्मद खान अली , जिला काँग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, प्रद्युम्न दुबे, दामोदर गोस्वामी, शिव कुमार चौरसिया, मिथिलेशसिंह, राम इकबाल सिंह, उदय शंकर पालित, मोहम्मद श फिक आलम, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, गया जिला युवा काँग्रेस अध्यक्ष विशाल कुमार, मोहम्मद शमीम आलम, मोहम्मद मो ज़मी ल, राहुल चंद्र वंशी, सकल देव यादव, आदि ने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के भारतीय रेल मे मिलने वाली रियायत बंद होने से गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवार के वरिष्ठ नागरिकों का रेल यात्रा में भारी कमी आई है। आकड़ों के अनुसार सन 2020 में जहा 7.4 करोड़ से घट कर 2021 में 1.2 करोड़ और साल 2022 में 1.2 करोड़ पर पहुंच गई है। जिससे एक ओर वरिष्ठ नागरिको को टिकट किराया रियायत बंद करने से कमाई में गिरावट आई तो दुसरी ओर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवार के वरिष्ठ नागरिक रियायत के आभाव में यात्रा में भारी कटौती कर रहे हैं, जिसका लाइफ लाइन भारतीय रेल कहा जाता है।

नेताओं में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, एवं बिहार प्रदेश काँग्रेस से दिशानिर्देश लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू करने के निर्णय लिया जाएगा, जिसके त ह त बिहार राज्य के 703 रेल्वे स्टेशन पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय रेल मंत्री को विस्तृत ज्ञापन दिया जाएगा।

बिहार के 38 जिलों के अंतर्गत आने वाले सभी स्टेशन, हॉ ल टो पर शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा जाएगा, राज्य के बड़ा जिला गया अंतर्गत सभी 21 स्टेशन, हॉ ल ट , पर प्रभारी भी बनाया गया है, जिसमें गया जिला कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डॉ गगन मिश्रा सहित सम्पूर्ण जिला कार्यकारिणी के सदस्य, सभी सम्मानित जनप्रतिनिधियों, आदि गया जंक्शन पर, काष्ठा- सकल देव यादव, प रे या- जय प्रकाश यादव, गु रा रू युगल किशोर सिंह, इस्माइल पूर_ राम प्रमोद सिंह, राम अनुज शर्मा, चा क नन्द_ ओम प्रकाश निराला, बेला गंज- राम विनय शर्मा, नियाम त पूर_ धर्मेंद्र कुमार, ओर_ललन राम, इश्वर चौधरी हाल ट_ मोहम्मद ग़ालिब, तारकेश्वर नाथ, मान पूर_ रंजीत सिंह, पैमा र_ अजय सिंह, कर जरा_ रंजीत कुमार सिंह, वजीरगंज_ सतीश सिंह, पूरा हालत_ सत्यनारायण उर्फ सातों सिंह, साधु सिंह, जमु आवा_ विनय कुमार सिंह, मौलाना आफताब आलम खान, बंधुआ_ श्रवण कुमार, टन कुप्पा_ शंभू शरण सिंह, राजीव कुमार सिंह उर्फ मदन सिंह, पहाड़ पूर_ बाल मुकुंद पांडेय, पंकज कुमार, गुर पा_ सकल देव सिंह, जगदीश प्रसाद यादव अधिवक्ता, आदि प्रभारी होंगे।

नेताओं ने कहा कि प्रदेश काँग्रेस के दिशानिर्देश मिलने पर धरना-प्रदर्शन की तारीख निर्धारित किया जाएगा।



**आज राहुल गांधी जी ने राजस्थान के बायतु में विशाल जनसभा को संबोधित किया। राजस्थान की जनता इखढ के झांसे में नहीं आने वाली, उनके जुमलों में नहीं फंसने वाली। यहां के लोगों का विश्वास कांग्रेस पर बरकरार है। जनता के इसी विश्वास और समर्थन के बूते कांग्रेस फिर से राजस्थान में सरकार बनाने जा रही है। राजस्थान में फिर से कांग्रेस आ रही है...**









# कांग्रेस अध्यक्ष श्री Mallikarjun Kharge ने राजस्थान के मावली में विशाल जनसभा को संबोधित किया। राजस्थान की जनता फिर एक बार सेवा, समर्पण और स्वाभिमान को चुनने जा रही है, कांग्रेस को चुनने जा रही है। हम जनता के आशीर्वाद से राजस्थान में फिर से कांग्रेस की मजबूत सरकार बनाने जा रहे हैं।












# मैं डॉक्टर अखिलेश प्रसाद सिंह समस्त बिहार वासियों से अपील करता हूं की नफरत को मिटाने के लिए दिल से जोड़े दिल और हाथ से जोड़े हाथ आईए कांग्रेस के साथ

## हर हाथ शक्ति, हर हाथ तरक्की

# देश की पार्टी कांग्रेस पार्टी

## बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल की पहल

### जुड़ें कांग्रेस से, जुड़ें कांग्रेस के फ्रंटल संगठनों से

भाइयों और बहनों

- आइये जुड़े बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी से
- सभी युवा जुड़ें यूथ कांग्रेस से
- बहने एवं महिलाएं जुड़ें महिला कांग्रेस से
- कॉलेज के छात्र-छात्रा जुड़े एन एस यू आई से
- बेरोजगार युवा जुड़े सेवादल यंग ब्रिगेड से
- जुड़ें कांग्रेस पार्टी से
- जुड़े महिला सेवादल से



**प्रोफेसर (डॉ.) संजय कुमार**

अध्यक्ष, बिहार प्रदेश कांग्रेस सेवा दल
सदाकत आश्रम, पटना

## कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, बिहार की जनता जिंदाबाद

**राजस्थान पहला राज्य है जहां कांग्रेस सरकार ने स्वास्थ्य अधिकार को कानून का दर्जा दिया। भविष्य के लिए राजस्थान की जनता को हम गारंटी देते हैं–**

- चिरंजीवी योजना– अब ₹50 लाख तक मुफ्त इलाज
- 4 लाख सरकारी नौकरियां, कुल 10 लाख नए रोजगार
- ₹500 वाला गैस सिलेंडर ₹400 में
- किसान के लिए MSP कानून, ₹2 लाख तक ब्याज मुक्त कर्ज
- जातिगत जनगणना
- पुरानी पेंशन की कानूनी गारंटी
- प्राइवेट स्कूलों में भी 12वीं तक शिक्षा फ्री
- मनरेगा के तहत 150 दिन की रोजगार गारंटी
- आवास का अधिकार कानून लाएंगे







कांग्रेस
फिर से
आपका
एक
वोट
सुनिश्चित करेगा
राजस्थान का भविष्य!
कांग्रेस को वोट दें